अवर सचिव
UNDER SECRETARY

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस-55/01-आरटीआई/146/2017-18

05 फरवरी, 2018

श्री पी.के. पाण्डेय
अनु सचिव एवं जनसूचना अधिकारी,
मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
मुख्य सचिव कार्यालय, लखनऊ,

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत सूचना हेतु

महोदय,

सुश्री मालती देवी, सहायक अध्यापिका द्वारा तीजन प्रसाद, मकान नं. एस.एच. 5/135-ए-10, मुहल्ला लक्ष्मणपुर पोस्ट शिवपुर जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश का 21.01.2018 का पत्र इस कार्यालय में 30.01.2018 को प्राप्त हुआ है जिसके साथ इन्होंने 10/- रूपये का पो.आ.सं. 42F 070067 संलग्न कर इस सचिवालय को पूर्व में प्रेषित अपने पत्र, जिसे इस कार्यालय द्वारा 19.01.2018 को श्रीयुत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अग्रसारित कर दिया गया था, पर की गई कार्रवाई की जानकारी चाही है। चूंकि पत्र की विषय-वस्तु उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित है। अत: इनका आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत आपको हस्तांतरित किया जा रहा है। कृपया आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

यदि यह विषय-वस्तु आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती हो तो कृपया इसे उस सूचना अधिकारी को हस्तांतरित करने का कष्ट करें जिसके यह निकट से संबंधित हो।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-
सुश्री मालती देवी, सहायक अध्यापिका द्वारा तीजन प्रसाद, मकान नं. एस.एच. 5/135-ए-10, मुहल्ला लक्ष्मणपुर पोस्ट शिवपुर जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश - कृपया अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त जनसूचना अधिकारी के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

D/C Naraiin Singh
SPEED POST

फाइल संख्या वीपीएस 19/01/2018 (P) 19 जनवरी, 2018

श्रीयुत मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश ।

प्रिय महोदय,

श्रीमती मालती देवी, सहायक अध्यापिका, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोसाईपुर, मोहाँव, वि0क्षे0-हरहुआ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश का दिनांक 26.12.2017 पत्र इस सचिवालय में 28.12.2017 को प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से इन्होंने अनूसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण का लाभ प्राप्त कर पदोन्नत सहायक अध्यापकों को पदावनत किये जाने से संबंधित अनुरोध है। अतः पूर्ण विवरण युक्त इनका पत्र उचित ध्यानाकर्षण हेतु आपको प्रेषित किया जा रहा हैं।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)

प्रति सूचनार्थ -
श्रीमती मालती देवी, सहायक अध्यापिका, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोसाईपुर, मोहाँव, वि0क्षे0-हरहुआ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश का है।
कृपया पत्र के संदर्भ में श्रीयुत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील
(हुरबी शकील)

727
30/1/18

RTI No-146

<u>पंजीकृत/स्पीडपोस्ट</u>

सेवा में,

दिनांक: 22.01.2018

**श्रीमान् जनसूचना अधिकारी महोदय,**
उप राष्ट्रपति कार्यालय, नई दिल्ली।

विषयः— **जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकार के तहत वांछित सूचना प्राप्त करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में निवेदनपूर्वक अनुरोध है कि निम्नलिखित वांछित सूचनाएं आपसे अपेक्षित है जो कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पूर्व में प्रेषित पंजीकृत स्पीड पोस्ट अनुस्मारक पत्र–2 दिनांक 05–1–2018 जो कि मूलतः श्रीमान् खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय विकास क्षेत्र हरहुआ, जनपद वाराणसी को सम्बोधित है। जिसका विषय– **"कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पदावनत कार्यालय आदेश पत्रांक/पदावनत/13583–89/2017–18 दिनांक 05–12–2017 के क्रम में दिनांक 15–11–1997 से दिनांक 28–4–2012 तक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का लाभ प्राप्त कर पदोन्नत सहायक अध्यापकों को पदावत किये जाने के सम्बन्ध में आपत्तियां व संशोधित सूची जारी करने के सम्बन्ध में तथा प्रतिलिपि बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों व अन्य विभाग के उच्चाधिकारियों, विभिन्न आयोगों के पदाधिकारियों तथा माननीयों (शासन व प्रशासन) को प्रेषित है।" पत्र की छायाप्रति संलग्न है।**

सम्बन्धित पंजीकृत अनुस्मारक पत्र–2 दिनांक 05–1–2018 के प्रतिलिपियों के माध्यम से प्रार्थिनी को निम्नलिखित वांछित सूचनाएं नीचे लिखे हुए पत्राचार के पते पर उपलब्ध करायी जाय जिसके लिए शुल्क रू0 10/– भारतीय पोस्टर आर्डर सं0 42F070067 दिनांक 20–1–2018 प्रधान डाकघर वाराणसी कैण्ट (नदेसर) वाराणसी मूल रूप से संलग्न है।

1— वांछित सूचना यह है कि संलग्न पत्र अनुस्मारक–2 दिनांक 5–1–2018 में आप द्वारा अब तक अपने स्तर पर क्या कार्यवाही किया गया है? की गयी कार्यवाही कि प्रमाणित प्रति प्रार्थिनी को उपलब्ध करायी जाय जिससे की प्रार्थिनी को सम्बन्धित प्रकरण में न्याय प्राप्ति हेतु सहायक सिद्ध हो सके।

2— वांछित सूचना यह कि संलग्न पत्र अनुस्मारक–2 दिनांक 05–1–2018 में आप द्वारा किये गये कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी वांछित दस्तावेजों के आधार पर अपने स्तर पर लिये गये निर्णय की प्रमाणित प्रति बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेंजों की संलग्नक सहित प्रार्थिनी को उपलब्ध करायी जाय, ताकि प्रार्थिनी को विभाग से अपेक्षित न्याय प्राप्त हो सके।

सधन्यवाद!

प्रार्थिनी

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

मालती देवी

<u>पत्राचार का पताः–</u>
मालती देवी
द्वारा–तीजन प्रसाद,
म0नं0 एस.एच. 5/135–ए–10
मुहल्ला लक्ष्मणपुर, पो0–शिवपुर,
जिला–वाराणसी–221002 (उ0प्र0)

(मालती देवी)
सहायक अध्यापिका
पूर्व माध्यमिक विद्यालय
गोसाईपुर मोहॉव विकास क्षेत्र–हरहुआ,
जनपद–वाराणसी (उ0प्र0)